THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) and (b) Government give budgetary support for sick PSEs in selected cases. Funds are also made available for VRS etc. on case by case basis. National Renewal Fund provides a safety net work for labour rendered surplus or requiring retraining in the context of modernisation and making the PSEs viable.

प्रबंधकीय और संगठनात्मक पुनर्गठन के माध्यम से उपक्रमों के कार्यकरण में सुधार किया जाना

5922. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष के दौरान प्रबन्धकीय तथा संगठनात्मक पुनर्गठन के माध्यम से किन-किन उपक्रमों के कार्यकरण में सुधार किया गया है ; और

(ख) इन उपक्रमों के कार्यकरण में किये गये इस प्रकार के सुधार से उन्हें कितना प्रतिशत लाभ हुआ है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) और (ख) प्रबन्धकीय एवं संगठनात्मक पुनर्गठन के अतिरिक्त श्रम, मशीन एवं पूंजी की उत्पादकता, अवस्थापना सम्बन्धी सहायता आदि कई अन्य कारक भी हैं जो सरकारी उपक्रमों के बेहतर कार्यकरण एवं लाभ को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। चूंकि ये सारे कारक एक-दूसरे पर अत्यधिक आश्रित होते हैं, इसलिए व्यावहारिक दृष्टि से यह बता पाना कठिन होगा कि सिर्फ प्रबन्धकीय एवं संगठनात्मक पुनर्गठन के कारण सरकारी उपक्रमों के कार्यकरण एवं लाभ में किस सीमा तक सुधार हुआ है।

उपक्रमों के कार्यकरण में उत्पाद-मिश्र में परिवर्तन के माध्यम से सुधार किया जाना

5923. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष के दौरान किन-किन उपक्रमों के कार्यकरण में उत्पाद-मिश्र में परिवर्तन के माध्यम से सुधार किया गया है ; और

(ख) इन उपक्रमों के कार्यकरण में सुधार से इन्हें कितना प्रतिशत लाभ हुआ है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) और (ख) उत्पाद-मिश्र में परिवर्तन के अतिरिक्त श्रम, मशीन एंव पूंजी की उत्पादकता, अवस्थापना सम्बन्धी सहायता आदि कई अन्य कारक भी हैं जो सरकारी उपक्रमों के बेहतर कार्यकरण एवं लाभ को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। चूंकि ये सारे कारक एक दूसरे पर अत्यधिक आश्रित होते है, इसलिए व्यावहारिक दृष्टि से यह बता पाना कठिन होगा कि सिर्फ उत्पाद-मिश्र में परिवर्तन के कारण सरकारी उपक्रमों के कार्यकरण एवं लाभ में किस सीमा तक सुधार हुआ है।

उपक्रमों में नवीनतम प्रौद्योगिकी

5924. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान किन-किन उपक्रमों के कार्यकरण में नवीनतम प्रौद्योगिकी के माध्यम से सुधार किया गया है ; और

(ख) इन उपक्रमों के कार्य-निष्पादन में नवीनतम प्रौद्योगिकी से कितना सुधार हुआ है ?